## सार-समाचार

### विकसित भारत युवा संसद के लिए आवेदन

**ब्यावर ( निसं )।** सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा संसद 2026 का आयोजन होगा। इस युवा संसद में 18 से 25 वर्ष के तक के युवाओं के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस का पंजीकरण माय भारत पोर्टल पर किया जा सकता है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 12.10.2025 है। प्रतिभागियों को युवा संसद में आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर हिन्दी या अंग्रेजी भाषा में अपने विचार रखने होंगे, जिसके लिए उन्हें अधिकतम 03 मिनट मिलेंगे। यह आयोजन युवाओं में श्रेष्ठ वक्ता के रूप में वाक्य कौशल और भारत के वर्तमान एवं भविष्य के प्रति जागरूकता पैदा करने वाला होगा। भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2026 राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विमर्श में शामिल होने और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच है। यह नेतृत्व, नागरिक भागीदारी और नीतिगत चर्चा को बढ़ावा देता है, जिससे छात्र प्रमुख राष्ट्र मुद्दों पर विचार विमर्श करने में सक्षम होते है।जिला स्तर पर 10 श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन होगा। जो राज्य स्तरीय युवा संसद में हिस्सा लेंगे। राज्य स्तर श्रेष्ठ 03 प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर चयन होकर जायेंगे।

### युवाओं में दिखा पायलट के प्रति जोश और उत्साह

**नसीराबाद ( निसं )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और जननायक सचिन पायलट का भीलवाड़ा जाते समय नसीराबाद आगमन पर दिलवाड़ा चौराहे पर युवा नेता एवं विधानसभा प्रत्याशी शिवप्रकाश गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। पायलट के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर जोरदार नारेबाजी के साथ स्वागत किया। पूरे क्षेत्र में 'सचिन पायलट जिंदाबाद' के नारों से माहौल गूंज उठा। युवाओं में जोश और उत्साह का विशेष दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर श्रीनगर ब्लॉक अध्यक्ष सम्पत सिंह राठौड़, पीसांगन ब्लॉक अध्यक्ष राकेश चौहान, श्रीनगर उपप्रधान प्रतिनिधि चमन चीता, नसीराबाद पूर्व शहर अध्यक्ष अजय गौड़, योगेश परिहार, एनएसयूआई अध्यक्ष जयंत नागौरा, पूर्व सरपंच पीसांगन सत्यनारायण कुमावत, सरपंच लक्ष्मण गुर्जर, पूर्व पार्षद ललित गोविंदानी, प्रशांत मेहरा, रंजन कुमार, सलमु भाई, मो. अली, रवि कुमावत, शेरू भाई राजोशी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भीड़ और जनसमर्थन को देखते हुए साफ झलक रहा था कि सचिन पायलट के प्रति लोगों का स्नेह और विश्वास आज भी बरकरार है। नसीराबाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने प्रिय नेता के स्वागत में जोश और एकता का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया।

### ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

**अजमेर ( कासं )।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ की आमसभा बुधवार को राजराजेश्वर मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। आमसभा में ब्राह्मण समाज के दिनेश शर्मा सहारा व रामअवतार शर्मा को मिली राजनीतिक नियुक्ति पर अभिनंदन किया गया, साथ ही दाधीच समाज के अध्यक्ष घनश्याम जोशी का भी माला और परशुराम भगवान का दुपट्टा पहना कर सम्मान किया। बैठक में आगामी दीपावली त्यौहार पर परशुराम भवन पर भव्य सजावट, रोशनी कराने हेतु सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। सभा मे राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष नरेश मुदगल, पार्षद ज्ञान सारस्वत, भामाशाह दिनेश शर्मा सहारा, पूर्व पार्षद भामाशाह जे के शर्मा, बृजेश गौड़, अनूप शर्मा, एडवोकेट उमंग शर्मा, संदीप शर्मा, वैभव शर्मा, धीरज अवस्थी, उमेश शर्मा, रघुनाथ गोड, प्रशांत मिश्रा, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, रोमेश मिश्रा, कमल शर्मा, राजेश ओझा, संजय तिवाड़ी, देवेंद्र शर्मा, आनन्द जोशी, पंडित घनश्याम मिश्र, मोहित जोशी, सुनील जोशी, पंडित बाबूलाल शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के बंधु उपस्थित रहे।

### भारतीय डाक विभाग का राष्ट्रीय डाक सप्ताह

**ब्यावर ( निसं )।** राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अंतर्गत 08 अक्टूबर को फिलेटली एवं नागरिक केन्द्रीयकृत सेवायें दिवस के रूप में मनाया गया जिसके अंतर्गत आज फर्स्ट स्टेप पब्लिक स्कूल के छात्र/छात्राओं को डाकघर का भ्रमण करवाया गया। उन्हें फिलेटली सहित मेल बुकिंग / वितरण एवं बचत बैंक योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त छात्र/छात्राओं हेतु एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया जिसके उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को कमलेश प्रजापत, अधीक्षक डाकघर, ब्यावर मण्डल द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त दिनांक 07 अक्टुंबर को राजकीय छावनी गर्ल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कैम्प को आज 08.अक्टुंबर तक बढ़ाया गया। राजकीय छावनी गर्ल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर श्री प्रशान्त पाबूवाल, सीएमए ज्योति माहेश्वरी, बी.एल.मीणा, सहायक अधीक्षक डाकघर, ब्यावर, अजय कुमार, डाकपाल ब्यावर प्रधान डाकघर, पीयूष बंसल, कार्यालय सहायक, महिपाल चौधरी, कार्यालय सहायक, रविन्द्र सिंह, डाक अधिदर्शक, आशुतोष डाक अधीक्षक आदि उपस्थित रहे।

### रेलवे स्टेशन पर अमृत संवाद का आयोजन

**अजमेर ( कासं )।** भारतीय रेलवे द्वारा चलाए जा रहे स्पेशल कैंपेन 5.0 के अंतर्गत बुधवार को अजमेर रेलवे स्टेशन पर अमृत संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर यात्रियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों व अनुभवों को सुना गया। मंडल रेल प्रबंधक अजमेर राजू भूतड़ा,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर करनीराम एवं अन्य शाखा अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अधिकारियों ने स्टेशन पर यात्रियों से मुलाकात की, उनकी प्रतिक्रियाएं सुनीं और रेल सेवाओं से जुड़ी सुविधाओं पर चर्चा की। यात्रियों ने रेलवे की साफ-सफाई समय पालन, यात्री सुविधाए सुरक्षा एवं अन्य पहलुओं पर सुझाव दिए, जिनका विश्लेषण कर रेलवे प्रशासन द्वारा उपयुक्त सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। इस संवाद का उद्देश्य यात्रियों की संतुष्टि बढ़ाना, सेवाओं में पारदर्शिता लाना तथा रेलवे को और अधिक उत्तरदायी बनाना है।

### मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण सम्पन्न

**ब्यावर ( निसं )।** स्वाभिमान भारत एवं पतंजलि योग समिति, जिला ब्यावर के कोषाध्यक्ष अमर चन्द मूंदड़ा ने बताया कि हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में आयोजित मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में ब्यावर से अमरचंद मूंदड़ा, सुनील कुमार हरकुट , कन्हैयालाल शर्मा , सुरेश नारायण अठावाल , राजेंद्र कुमार चौहान , करण सिंह खंगारोत , महेंद्र सिंह कानावत , सुनील शर्मा, योगेश कुमार शर्मा , रमेश चंद्र पालीवाल, बाबूलाल साहू , नेमीचंद शर्मा सहित 12 सदस्यों का दल सहभागिता के पश्चात प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटा।यह प्रशिक्षण स्वामी परमार्थ देव जी के संयोजन में सम्पन्न हुआ। शिविर में डॉ. एन. पी. सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस एवं चेयरमैन, भारतीय शिक्षा बोर्ड), डॉ. अनुराग वार्ष्णेय (पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन), वेद प्रिया (उपकुलपति, पतंजलि विश्वविद्यालय), देवप्रिया (पतंजलि कृषि विभाग) एवं डॉ. कनक सोनी (प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ) ने अपने-अपने विषयों की जानकारी ओर मार्गदर्शन दिया।स्वामी यज्ञ देव जी ने हवन द्वारा चिकित्सा पद्धित पर विशेष सत्र लिया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी ने सभी प्रशिक्षार्थियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि योग, आयुर्वेद और स्वदेशी के माध्यम से ही भारत का स्वाभिमान पुनः प्रतिष्ठित हो सकता है।आचार्य बालकृष्ण जी ने समापन सत्र में प्रेरक उद्बोधन देते हुए कहा कि प्रशिक्षार्थी अब अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक योग कक्षाएँ लगाकर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का प्रचार-प्रसार करें। कार्यक्रम का समापन यज्ञोपवीत संस्कार के साथ सम्पन्न हुआ, जिससे प्रशिक्षणार्थी को एक पवित्र एवं संस्कारपूर्ण रूप मिला।

### कंवर राम साहिब का 85वां वर्सी महोत्सव

**अजमेर( निसं )।** महान अमर शहीद संत कंवर राम साहिब का 85वां तीन दिवसीय महान वर्सी महोत्सव 11 से 13 अक्टूबर तक संत कंवरराम सीनियर सैकण्डरी स्कूल आशा गंज अजमेर में मनाया जायेगा। मण्डल अध्यक्ष नरेन शाहनी भगत ने बताया कि तीन दिवसीय वर्सी महोत्सव का शुभारम्भ 11 अक्टूबर को सांय 7.30 बजे श्री निर्मल धाम झूला मोहल्ला के संत आत्म दास उदासीन दिवस झंडारोहण से किया जायेगा तथा सायं 7.35 बजे से रात्रि 10 बजे तक भजन संध्या का कार्यक्रम होगा।

# सचिन पायलट पर जेसीबी से 1 टन फूलों की बरसात, जगह-जगह भव्य स्वागत

**अजमेर( निसं )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का बुधवार को अजमेर आगमन पर कांग्रेसियों ने पलक पावडे बिछाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान अजमेर शहर में जगह-जगह माला व साफा पहनाकर कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेता व कार्यकर्ताओं बडे जोश व उत्साह के साथ अभिनंदन किया।



सचिन पायलट के अजमेर आगमन पर कांग्रेसियों ने पलक पावडे बिछाकर भव्य स्वागत किया।

■ कांग्रेस कार्यालय पर जेसीबी से 1000 किलो फूलों की बरसात कर भव्य स्वागत किया

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता के नेतृत्व में आज कांग्रेसियों ने जयपुर रोड स्थित अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यालय पर जेसीबी से 1000 किलो फूलों की बरसात कर भव्य स्वागत किया।

कांग्रेसियों ने पायलट का 51 किलो की माला एवं साफा पहनकर अभिनंदन किया। कांग्रेस प्रवक्ता अंकुर त्यागी ने बताया कि अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट का भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ जाते समय शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन की अगुवाई में अग्रसेन चौराहा, मार्टिंडल ब्रिज,अजंता सिनेमा, अलवर गेट, प्रकाश रोड, 9 नंबर पेट्रोल पंप, रिलायंस फ्रेश, बिहारीगंज आडी पुलिया, आदर्श नगर सहित विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत द्वार बनाकर और 51 किलो की मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया और पायलट के पक्ष में जमकर नारेबाजी की गई।

इसी प्रकार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य महेंद्र सिंह रलावता के नेतृत्व में बुधवार करे कांग्रेसियों ने जयपुर रोड स्थित अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यालय पर जेसीबी से 1000 किलो फूलों की बरसात कर भव्य स्वागत किया तो वही कांग्रेसियों ने पायलट का 51 किलो की माला एवं साफा पहनकर अभिनंदन किया। इस मौके पर महेंद्र सिंह रलावता, हेमंत भाटी, अंकुर त्यागी, श्याम प्रजापति, कैलाश कोमल, नरेश सत्यवाना, हितेश्वरी टाक, मनीष सेठी, बालमुकुंद टाक, शिवराज भडाणा, निर्मल बेरवाल, मनीष चौरसिया, संजय मौर्य,नीरज यादव, पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता , शक्ति सिंह रलावता, प्रताप सिंह यादव, शिव कुमार बंसल, अब्दुल रशीद, मुकेश सिंह राठौड़, भारत सिंह कंवारी, पार्षद बनवारी लाल शर्मा, पार्षद आजाद लखन, पूर्व पार्षद ऋषि घारू, शाहबाज खान, बलराम शर्मा, रवि शर्मा, राजेंद्र नरचल, राज नारायण असोपा, एस एम अकबर, अहमद हुसैन, राजेंद्र वर्मा, सतीश वर्मा, भंवर कंवर, विजयलक्ष्मी पारीक, संगीता बंजारा , दुर्गा सिंह राठौड़, शंकर सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

नसीराबाद संवाददाता के अनुसार-अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट का भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ जाते समय नसीराबाद पहुंचने पर दिलवाड़ा बाइपास चौराहा पर युवा नेता शिवप्रकाश गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा और नारेबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सम्पत सिंह राठौड़, राकेश चौहान, चमन चीता, अजय गौड़, योगेश परिहार, जयंत नागौरा, सत्यनारायण कुमावत, लक्ष्मण गुर्जर, ललित गोविंदानी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ शहर में सृजन अभियान के तहत आज गुरुवार को जोधाणा गार्डन में प्रातः 11 बजे बैठक आयोजित होगी वहीं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांठोस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा संपूर्ण देश में चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत यह बैठक आयोजित होगी इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ रघु शर्मा के सानिध्य में व अशोक तंवर ब्लॉक कांठोस कमेटी के तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित होगा ।

## एक दिवसीय जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**अजमेर (कासं)।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत अजमेर जिले के 11 ब्लॉक के ब्लॉक कोर्डिनेटर और प्रत्येक ब्लॉक से 3 संदर्भ व्यक्तियों की एक दिवसीय जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन डी एस एल आर कक्ष तोपदड़ा अजमेर में आयोजन किया गया।

■ भारती श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जिसे पीकर व्यक्ति ज्ञानवान होकर दहाड़ता है

जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी शिवानी यादव ने बताया कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्क स्त्री पुरुषों को उल्लास ऐप के माध्यम से साक्षर करने का कार्य जिले में किया जा रहा है। इस वर्ष आवंटित लक्ष्य 77859 मे से 97 प्रतिशत लक्षय अर्जित करने के साथ प्रथम बुनियादी परीक्षा मे 45000 हजार लर्नर की परीक्षा सम्पन्न करवाई जा चुकी है। मुख्य अतिथि भारती श्रीवास्तव अजमेर शहर महिला अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जिसे पीकर व्यक्ति ज्ञानवान होकर दहाड़ता है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगनारायण व्यास ने कहा कि साक्षरता में ब्लॉक कोर्डिनेटर मुख्य कड़ी है जो फील्ड से लेकर जिला कार्यालय के बीच मुख्य कड़ी के रूप में कार्य करती है। मानव जीवन के रूप में इस धरा पर अवतरण लेने के फलस्वरूप हमें अपना अमूल्य समय निरक्षर लोगो को बुनियादी साक्षरता और संख्या जान प्रदान करने में देना चाहिए शिक्षा के दान से बढ़कर कुछ नहीं है।

जिला साक्षरता अधिकारी ने प्रतिवेदन के जरिए वर्ष भर के कार्यों की जानकारी दी। पीपीटी के माध्यम से दक्ष प्रशिक्षक चंद्रशेखर शर्मा और योगेश पारीक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर शर्मा ने किया। बुधवार को आयोजित कार्यशाला में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी रामनिवास गालव, चंद्रशेखर, धर्मेंद्र त्यागी, विजेंद्र सिंह और ममता धाकड़, स्वराज सिंह शेखावत, अभिलाषा यादव, रणजीत जाट, भंवर लाल जांगिड़, महेंद्र चौधरी, योगेश दात्तरवाल, बनवारी वैष्णव, नवीन मेघवंशी, परमेश्वर शर्मा, नरेंद्र सैन, नरेंद्र उपस्थित रहें।

## किशोर कुमार की पुण्य तिथि पर संगीत कार्यक्रम 13 को

**अजमेर ( कासं )।** कला एवं संगीत को समर्पित संस्था गाता रहे मेरा दिल के द्वारा 13 अक्टूबर को स्व. किशोर कुमार की 38वीं पुण्यतिथि पर वैशालीनगर स्थित अर्बन हाट बाजार मसाला चौक में संस्था अध्यक्ष अरविंद शुक्ला की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार की पुण्य तिथि पर उनका स्मरण करने के लिए स्थानीय गायक कलाकारों द्वारा बेकरार दिल तू गाए जा संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अजमेर के 30 से अधिक कलाकार किशोरकुमार के गाने प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। सचिव किशनगोपाल पराशर ने बताया कि मुख्य अतिथि हनुमानदयाल बंसल, दौलतसिंह खंगारोत, विशिष्ट अतिथि अनिल गोयल बाड़मेरी, डॉ विष्णु चौधरी, महेश सांखला होंगे।

## दाधीच समाज का जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

■ हनुमान चालीस का किया पाठ,समाज की भूमि पर नाला होने का भ्रामक प्रचार का जताया विरोध

■ दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**अजमेर (कासं)।** सावित्री चौराह के पास दाधीच समाज के शिवकुंड भूमि पर नाला होने का भ्रामक प्रचार फैलाकर नाला निकालने की कार्रवाई का विरोध करते हुए दाधीच समाज के लोगों ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। समाज के लोग सावित्री चौराहे से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, यहां हनुमान चालीसा गाकर नाराजगी जताई। जिला कलेक्टर से मामले में उच्च स्तरीय जांच करा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

श्री ब्राह्मण दायमा पंचायत की ओर बुधवार को जिला कलेक्टर की अनुपस्थिति में एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह राठौड़ को सौंपे ज्ञापन में बताया कि महर्षि दधीची वाटिका सावित्री चौराहा अजमेर में स्थित है। संपत्ति का कुल 9 बीघा 15 बिस्वा है, वह उक्त संपत्ति ब्राह्मण दाधीच पंचायत शिवकुण्ड अजमेर के निजी संपत्ति है।

दाधीची समाज के अध्यक्ष व पार्षद के के त्रिपाठी सहित समाज बंधुओं ने बताया कि संपत्ति को लेकर कुछ स्थानीय व्यक्ति और संस्थान द्वारा भ्रामक प्रचार किया जा रहा है, जिसमें संपत्ति में नाला है, जिससे आना सागर के पानी की निकासी की जाती थी जबकि व्यक्तियों व संस्था द्वारा मात्र कथन ही अंकित किए जा रहे हैं। लेकिन कोई ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं, जो दर्शाता हो कि उक्त संपत्ति में स्थित नाले से आनासागर के पानी की निकासी की जाती हो। भ्रामक प्रचार के आधार पर सत्यापित नहीं होता की आनासागर के पानी के निकासी इस मार्ग द्वारा की जाती हो।

**निगम की कार्रवाई को बताया विधि विरुद्धः** त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि भ्रामक प्रचार के आधार पर नगर निगम अजमेर द्वारा कार्रवाई की जा रही है, जो की विधि विरुद्ध तरीके से क्रियान्वित की जा रही है। नगर निगम अजमेर द्वारा किसी भी प्रकार की सुनवाई का मौका दिए बिना कार्रवाई की जा रही है। जो कि अनुचित नहीं है। इस मामले में कलेक्टर से प्रकरण की जांच करवा कर अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की है।

## खेल को खेल की भावना से खेलें : शर्मा

■ प्रतियोगिता 8 से 11 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है

**ब्यावर ( निसं )।** 69वीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ सनातन धर्म राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर में प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने कहा की खेल को खेल की भावना से खेलें। अध्यक्षता हर्षवर्धन शर्मा अतिरिक्त मुख्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा , रेनू गहलोत मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जैतारण रही। कार्यक्रम में पार्षद अनिल भोजक माया शंकर यादव उपस्थित रहे। संयोजक प्रधानाचार्य गुरु शरण गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता 8 से 11 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। जिसमें विभिन्न वर्गों में कुल 226 छात्राएं भाग ले रही हैं। विद्यालय के उपप्राचार्य ओम प्रकाश कुमावत, राज राठौड़, प्रेमराज भाटी एवं लता बाकोलिया मंच पर स्वागत समिति के रूप में उपस्थित रहे और सभी अतिथियों का माला तथा प्रतीक चिन्ह साफा शॉल पहनाकर स्वागत किया।गणमान्य जनों में लालचंद दगदी, मांगीलाल शर्मा, सत्यनारायण सांखला उपस्थित रहे। मंच पर प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रजापति, परमेश्वर सिंह, प्रीति परिहार, गरिमा रावत, डालचंद एवं शिवलालउपस्थित रहे।स्टाफ सदस्यों में संजय कुमार दगदी, सुनीता रावत, रुचि दाधीच व अन्य ने बाहरी अतिथियों के साथ सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में हैमर थ्रो, गोला फेंक, 100 मीटर हीट्स,तस्वीर फेंक फाइनल,400 मीटर हीट्स और 800 मीटर का आयोजन किए गए। आने वाले दिनों में विभिन्न अन्य इवेंट्स भी आयोजित होंगी जिनमें छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। विद्यालय परिवार के खेल प्रभारी योगेंद्र सिंह रावत ने सभी प्रतिभागियों व अतिथियों का आभार जताया।समापन पर प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने कहा- "खेल को खेल भावना से खेलें"- और प्रतियोगिता की सफलता के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। संचालन प्रेम कुमार भाटी ने किया।

## बैठक संपन्न

**अजमेर( कासं )।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक अशोक तंवर, पीसीसी के पर्यवेक्षक और प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रमेश खंडेलवाल ने होटल एमरल्ड पुष्कर रोड में बैठक ब्लॉक कांग्रेस की बैठक ली। बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने व एकजुटता की बात कही। बैठक में विभिन्न पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई।

## तीन दिवसीय ऋषि मेला 10 से

**अजमेर ( कासं )।** महर्षि दयानंद सरस्वती के 142वें बलिदान दिवस और आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में महर्षि दयानंद सरस्वती परोपकारिणी सभा के तत्वाधान में तीन दिवसीय ऋषि मेले का का आयोजन 10 से 12 अक्टूबर से तक किया जाएगा। मेले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जएंगे।

परोपकारिणी सभा के मंत्री कन्हैयालाल आर्य ने बुधवार को मीडिया को जाकारी देते हुए बताया कि महर्षि दयानंद के 142 वें बलिदान दिवस और आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मेला आयोजित किया जाएगा। मेले का आयोजन 10 से 12 अक्टूबर तक पुष्कर रोड स्थित ऋषि उद्यान में होगा। तीन दिवस ऋषि मेले में देशभर से प्रमुख सन्यासी, साधु महात्मा और आर्यजन सहित आर्य जगत के साधु सन्यासी और अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि मेले में योग सत्र, सन्यास दीक्षा, सम्मान समारोह, वैदिक विषयों पर विभिन्न सत्र सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। महर्षि दयानंद सरस्वती के निर्माण स्थली अजमेर होने के कारण यह आयोजन महत्वपूर्ण है। प्रतिवर्ष की अपेक्षा अधिक आयोजनों की उपस्थिति में विभिन्न आयोजनों के साथ महर्षि दयानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

**एस.के.फाइनेंस लिमिटेड**
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालयः जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@sfkin.in

**शाखा कार्यालय बंद करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी उक्त **खिंवसर शाखा** - खसरा नं. 638, पहली मंजिल, आदेश एग्रो एजेंसी के ऊपर, वार्ड नं. 5, पदमसर चौराहा, खींवसर, नागौर-341025 (राजस्थान) को 9 जनवरी 2026 की प्रभावी तिथि से बंद कर रहे हैं:-
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारी अन्य शाखा कार्यालय **नागौर महादेव प्लाजा शाखा** - पहली मंजिल, डीसीबी बैंक के ऊपर, महादेव प्लाजा, डेह रोड, नागौर, जिला नागौर-341001 (राजस्थान) के पते पर संपर्क करें।

**NAME CHANGE**

I have changed my name from Sakshi Agarwal D/O Navneet Agrawal to Sakshi Agrawal D/O Navneet Agrawal Add: ,216-B, Adarsh Nagar, Ajmer Road, District: Beawar - 305901 ( Rajasthan)

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

आपत्ति/सुझाव आमंत्रण

अजमेर विकास प्राधिकरण की बीपीसी-एलपी की बैठक दिनांक 06.08.2025 में राजस्व ग्राम देवनगर (जोन पुष्कर) के खसरा नंबर 3676/1851, 3522/1852, 1852/2801 कुल क्षेत्रफल 10700 वर्गमीटर का पर्यटन इकाई रिसोर्ट प्रयोजनार्थ ले आउट प्लान अनुमोदन हेतु आवेदन किया है। मार्गाधिकार हेतु खसरा संख्या 1857 में से 24 मीटर चौड़ाई का निर्धारण करने का निर्णय लिया गया। इस 24 मीटर चौड़ा रास्ता निर्धारण पर किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी आदि को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण के उपायुक्त जोन पुष्कर के समक्ष अपनी आपत्ति/सुझाव मय दस्तावेज अखबार में प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त 10 दिवस की समाप्ति के पश्चात प्रश्नगत रास्ता 24 मीटर चौड़ा मार्गाधिकार में निर्धारित कर लिया जायेगा। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

- उपायुक्त (जोन पुष्कर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**आम सूचना**

मेरी मां श्रीमती जीता देवी नायक पत्नी श्री रिद्धकरण नायक जाति नायक, निवासी रजिया कॉलोनी मदनगंज-किशनगढ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 01 मई 2022 को मेरे उपरोक्त निवास स्थान पर हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ में आवेदन किया हैं, इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सात दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ में सम्पर्क करे। -प्रार्थी-दुर्गाप्रसाद उर्फ नन्दाराम नायक पुत्र रिद्धकरण नायक

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की अफोर्डेबल हा० पालिसी-2009 योजना के अवासीय भूखण्ड संख्या एल5/एफ1 क्षेत्रफल 40.86 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री हरिश चन्द्र पुत्र स्व. श्री धन्ना सिंह निवासी 71, गांधी नगर धोला भाटा अजमेर की मृत्यु दिनांक 02/01/2012 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत/अपंजीकृत दिनांक) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु प्रदीप सुनारिया पुत्र श्री भीम सिंह सुनारिया निवासी एफ-12 यू.आई.टी कॉलोनी धोला भाटा अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दरियाव सिंह पुत्र श्री रावसिंह ने ग्राम परबतपुरा के खसरा नंबर 33 पुराना, 62, 63 नया भूखण्ड संख्या- में क्षेत्रफल 219.70 वर्गमीटर के भूखण्ड की लीज डीड हेतु आवेदन किया है। इस आम सूचना के प्रकाशन द्वारा उक्त भूखण्ड की लीज डीड श्री दरियाव सिंह पुत्र श्री रावसिंह के पक्ष में जारी करने पर आपत्ति आमंत्रित की जाती है। भूखण्ड का विवरण निम्न प्रकार है-

| सीमाऐं | नाप | सीमाऐं | नाप |
|---|---|---|---|
| उत्तर- श्री गिरधर निवासी शंकर सिंह राठौड़ | 43'0 फीट | पूर्व- आम रास्ता 30 फुट | 55'0 फीट |
| दक्षिण- आम रास्ता 20 फुट | 43'0 फीट | पश्चिम- राजेन्द्र सिंह राठौड़ की सम्पत्ति | 55'0 फीट |

किसी भी व्यक्ति/संस्था/कंपनी को उक्त लीज डीड जारी करने पर आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के भीतर अजमेर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त जोन (दक्षिण) के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्यवाही संपादित की जाएगी। -उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला -अजमेर (राज)**

क्रमांक : न.प.कि. / नक्शा प्रोजेक्ट / 2025 / 29 दिनांक : 06.10.2025

-:: ई - निविदा सूचना संख्या 07 व 08/2025 - 2026 ::-

नगर परिषद किशनगढ की ओर से नगर परिषद किशनगढ एवं राजकीय विभाग में अनुसार निर्धारिणी श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्रों में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से नगर परिषद किशनगढ में नक्शा पायलेट परियोजना के अन्तर्गत सर्वेक्षण कार्य (20 सर्वेक्षण दल) हेतु सर्वेयर, हेल्पर एवं वाहन मय चालक उपलब्ध करवानें सम्बन्धित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जानें की दिनांक 07.10.25 को प्रातः 9:00 बजें से तथा प्राप्त करनें की दिनांक 11.10.25 को दोपहर 12:00 बजें तक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. DLB2526A6833, DLB2526A6834

आयुक्त
नगर परिषद्, किशनगढ़

राज.संवाद / सी / 25 / 11646

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक-न.पा.वि./निमार्ण स्वी./2025/3746 आम सूचना दिनांक: 01-10-25

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, है, अगर उ किसी को आपति/उज्ज हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्ज/आपति मान्य नहीं होगी। -

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 115 | मोहम्मद करीम कुरैशी पुत्र सलीम कुरैशी | आबादी मौहल्ला राजनगर बिजयनगर | 98.28 SQ.MTR | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक-न.पा.वि./निमार्ण स्वी./2025/3900 आम सूचना दिनांक: 07-10-25

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्ज हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्ज/आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 117 | कमलेश कुमारी पत्नि भरत भाटी | मानवपुरम कॉलोनी बरल द्वितीय ख.सं. 937 व 938 मू.स. 193 | 116.11 SQ.MTR | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक-न.पा.वि./निमार्ण स्वी./2025/3871 आम सूचना दिनांक: 06-10-25

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्ज/आपति मान्य नहीं होगी।-

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 116 | रानू सैन पुत्री जगदीश सैन सलीम कुरैशी | रियलिस्टिक रॉयल टाकुन राजस्व ग्राम बाडी विजयनगर ख.सं. 475 भू.सं. 13 का दक्षिणी हिस्सा | 71.06 SQ.MTR | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक-न.पा.वि./नामा/2025/3893 आम सूचना दिनांक: 07-10-25

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है। अगर किसी को आपति/उज्ञ हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद कोई उज्ञ/आपति मान्य नहीं होगी।

नामान्तरण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | मूल आंवटी / नामान्तरण | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 221 | राजेश कुमार पुत्र मोहनलाल | मोहनलाल पुत्र मगनीराम जांगिड | मगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 113 व 104 व 115 व 116 भू.सं. 99 | 138.88 SQ.Yard | आवासीय |
| 222 | राजेश कुमार पुत्र मोहनलाल | मोहनलाल पुत्र मगनीराम जांगिड | मगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 113 व 104 व 115 व 116 भू.सं. 100 | 138.88 SQ.Yard | आवासीय |
| 223 | राजेश कुमार पुत्र मोहनलाल | मोहनलाल पुत्र मगनीराम जांगिड | मगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 113 व 104 व 115 व 116 भू.सं. 101 | 138.88 SQ.Yard | आवासीय |
| 224 | राजेश कुमार पुत्र मोहनलाल | मोहनलाल पुत्र मगनीराम जांगिड | मगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 113 व 104 व 115 व 116 भू.सं. 48 | 138.88 SQ.Yard | आवासीय |
| 225 | राजेश कुमार पुत्र मोहनलाल | मोहनलाल पुत्र मगनीराम जांगिड | मगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 113 व 104 व 115 व 116 भू.सं. 49 | 138.88 SQ.Yard | आवासीय |
| 226 | राजेश कुमार पुत्र मोहनलाल | मोहनलाल पुत्र मगनीराम जांगिड | मगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 113 व 104 व 115 व 116 भू.सं. 50 | 138.88 SQ.Yard | आवासीय |
| 227 | राजेश कुमार पुत्र मोहनलाल | मोहनलाल पुत्र मगनीराम जांगिड | मगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 113 व 104 व 115 व 116 भू.सं. 51 | 138.88 SQ.Yard | आवासीय |
| 228 | राजेश कुमार पुत्र मोहनलाल | मोहनलाल पुत्र मगनीराम जांगिड | मगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 113 व 104 व 115 व 116 भू.सं. 56 | 138.88 SQ.Yard | आवासीय |
| 229 | राजेश कुमार पुत्र मोहनलाल | मोहनलाल पुत्र मगनीराम जांगिड | मगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 113 व 104 व 115 व 116 भू.सं. 57 | 138.88 SQ.Yard | आवासीय |
| 230 | राजेश कुमार पुत्र मोहनलाल | मोहनलाल पुत्र मगनीराम जांगिड | मगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 113 व 104 व 115 व 116 भू.सं. 58 | 138.88 SQ.Yard | आवासीय |
| 231 | राजेश कुमार पुत्र मोहनलाल | मोहनलाल पुत्र मगनीराम जांगिड | मगनीराम जांगिड कॉलोनी ख.सं. 113 व 104 व 115 व 116 भू.सं. 59 | 138.88 SQ.Yard | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर